रास्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून, 11 नवम्बर, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने राजभवन में शनिवार को देहरादून में तैनात सेना की विभिन्न यूनिट के जवानों से मुलाकात कर उन्हें दीपावली की शुभकामनाएँ दी। राज्यपाल ने जवानों के साथ स्वल्पाहार भी किया। उन्होंने जवानों से बेहद आत्मीयता से बातचीत कर उनकी कुशलक्षेम पूछी। जवानों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि आज अपने विस्तारित परिवार से मिलकर बेहद खुशी हो रही है। उन्होंने सेना में अपने सेवाकाल को याद करते हुए कहा सभी जवान उनके विस्तारित परिवार के रूप में हैं। उन्होंने सेना के जवानों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा की।

राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से ओत–प्रोत हमारे जवान सीमाओं की रक्षा करने के साथ–साथ देश के सजग प्रहरी के रूप में हमारी हर समय देखभाल करते हैं। वे हमेशा अपने परिवारों से दूर रहकर हमारी सुरक्षा करते हैं, अपने सभी जवानो पर हमें गर्व की अनुभूति होती है। राज्यपाल को अपने बीच में पाकर सभी जवान गदगद दिखे। इस अवसर पर राज्यपाल की धर्मपत्नी श्रीमती गुरमीत कौर, डिप्टी जीओसी सब एरिया ब्रिगेडियर अनिरबान दत्ता सहित विभिन्न यूनिट के अधिकारी और जवान मौजूद रहे।

............0...........